उप चुनाव के लिए अधिसूचना आज होगी जारी

जिला पंचायत सदस्य के लिए कलेक्ट्रेट में लिये जायेंगे नामांकन

पंच एवं सरपंच के रिक्त पदों के लिए संबंधित तहसीलों में जमा होंगे फार्म

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 07 दिसम्बर। श्योपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत रिक्त पदो पर निर्वाचन के लिए 8 दिसंबर को अधिसूचना जारी होगी। जिला पंचायत सदस्य के रिक्त एक पद के लिए नामांकन फार्म कलेक्टर कार्यालय में लिये जायेंगे, जबकि सरपंच एवं पंच के रिक्त पदो पर निर्वाचन हेतु नाम निदेशन पत्र संबंधित विकासखण्ड के तहसील कार्यालयों में जमा किये जा सकेंगे।

जिला पंचायत सदस्य के पद हेतु निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा रिटर्निंग आफिसर होंगे तथा डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहायक रिटर्निंग आफिसर रहेंगे। पंच एवं सरपंच पदो के लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है तथा नायब तहसीलदार सहायक रिटर्निंग आफिसर रहेगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विकासखण्ड श्योपुर के लिए तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा को रिटर्निंग एवं नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। विकासखण्ड विजयपुर के लिए तहसीलदार श्रीमती अमिता सिंह तोमर को रिटर्निंग एवं नायब तहसीलदार दर्शनलाल जाटव को सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं विकासखण्ड कराहल के लिए प्रभारी तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख को रिटर्निंग एवं नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन को सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतो में उप निर्वाचन के लिए अधिसूचना 08 दिसंबर को जारी होगी तथा 15 दिसंबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेगे। मतदान की तिथि 29 दिसंबर निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि श्योपुर जिले में जिला पंचायत सदस्य के 01 पद सहित सरपंच के 2 तथा पंचो के 146 रिक्त पदो पर उप निर्वाचन होना है, जिसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 08 दिसंबर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही सुबह 10.30 बजे से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के एक पद वार्ड क्रमांक 01 (मानपुर क्षेत्र) सहित श्योपुर की ग्राम पंचायत नागदा एवं विजयपुर विकाखण्ड की ग्राम पंचायत बैचाई में सरपंच के रिक्त पदों पर निर्वाचन होगा। इसी प्रकार श्योपुर विकासखण्ड अंतर्गत 15 पंचायतों में पंच के 36, कराहल विकासखण्ड अंतर्गत 18 पंचायतों में पंच के 80 तथा विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत 12 पंचायतों में पंच के 30 पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी।

महुआमार मेला 9 से, व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश जारी

श्योपुर, 07 दिसंबर। महुआमार मेले में विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा के संबंध में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है। अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय ने एसडीएम विजयपुर को निर्देश जारी किये है कि ग्राम महुआमार ग्राम पंचायत टर्राकला जनपद क्षेत्र विजयपुर में श्री हनुमान जी मंदिर पर 9 दिसंबर से 16 दिसंबर तक आयोजित होने वाले मेले में विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल, साफ-सफाई, अग्निशमन, स्वास्थ्य शिविर आदि सुनिश्चित की जायें।

जिले में किसानों की मांग अनुसार की जा रही उर्वरक की आपूर्ति

अभी तक 28 हजार मैट्रिक टन से अधिक उर्वरक का वितरण

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 07 दिसंबर। किसानों को उनकी मांग अनुसार उर्वरक की आपूर्ति की जा रही है, जिले में 28 हजार 660 मैट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को अभी तक किया जा चुका है, वर्तमान में डबल लॉक श्योपुर में 200 मैट्रिक टन, बडौदा में 180 मैट्रिक टन तथा विजयपुर में 250 मैट्रिक टन सहित पैक्स समितियों एवं निजी क्षेत्र मिलाकर जिले में कुल 1398 मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता है। मंगलवार -बुधवार तक एचयूआरएल कंपनी की रैक से 365 मैट्रिक टन यूरिया ओर प्राप्त होगा।

उप संचालक कृषि मुनेश शाक्य ने बताया कि जिले में रबी वर्ष 2025-26 हेतु 42700 मै.टन यूरिया, 8700 मै.टन डीएपी, 5000 मै.टन एसएसपी, 7500 मै.टन एनपीके एवं 200 मै.टन एमओपी कुल 64 हजार 100 मै.टन उर्वरक की अनुमानित खपत का लक्ष्य रखा गया था।

श्योपुर जिले को उक्त आवश्यकता के अनुरूप अभी तक 22345 मै.टन यूरिया, 4551 मै.टन डीएपी, 5088 मै.टन एसएसपी, 9307 मै.टन एनपीके एवं 128 मै.टन एमओपी कुल 41 हजार 419 मै.टन उर्वरक उपलब्ध हो चुका है, जिसमें से अभी तक 18584 मै.टन यूरिया, 3549 मै.टन डीएपी, 1993 मै.टन एसएसपी एवं 4121 मै.टन एनपीके, एमओपी 13 मैट्रिक टन कुल 28 हजार 660 मै.टन उर्वरक का वितरण कृषकों को किया जा चुका है।

उन्होने बताया कि वर्तमान में डबल लॉक श्योपुर में 200 मै.टन यूरिया, डलब लॉक बडौदा में 180 मैट्रिक टन, डबल लॉक विजयपुर में 250 मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता है। इसके अलावा मॉर्केटिंग समिति वीरपुर में 23 मैट्रिक टन, पैक्स समितियों में 395 मैट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र में 350 मैट्रिक टन कुल 1398 मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता है। आगामी प्रस्तावित रैक से मंगलवार-बुधवार तक 365 मैट्रिक टन यूरिया की प्राप्ति होगी।

जिला विपणन अधिकारी सतेन्द्र सिंह ने बताया कि पैक्स समितियों के माध्यम से सदस्य किसानों को यूरिया का वितरण किया जा रहा है। इसी प्रकार विपणन संघ के नकद विक्रय केन्द्रों से टोकन के माध्यम से किसानों को खाद का व्यवस्थित वितरण किया जा रहा है।

200 यात्रियों का कोटा, द्वारिका सोमनाथ जायेगी यात्रा

अंतिम तिथि 28 दिसंबर

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 07 दिसंबर। धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्योपुर जिले को द्वारिका सोमनाथ तीर्थ स्थान की यात्रा के लिए 200 यात्रियों का कोटा प्राप्त हुआ है। यह तीर्थ यात्रा 11 जनवरी 2026 से 17 जनवरी 2026 तक होगी। इस यात्रा में शामिल होने के लिए 28 दिसंबर 2025 तक आवेदन किये जा सकते है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार तहसील क्षेत्र श्योपुर नगरीय एवं ग्रामीण के लिए आवेदन जिला पंचायत श्योपुर में लिये जायेगे तथा अन्य सभी तहसील क्षेत्रों के आवेदन संबंधित तहसीलों में प्राप्त किये जायेगे। सभी एसडीएम को निर्देश जारी किये गये है कि आवेदन प्राप्त करने के लिए तहसीलों में पृथक से काउंटर खुलवायें जायें तथा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जायें। कार्य के लिए प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी रहेगे। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि यात्रा 11 जनवरी 2026 को शिवपुरी से रवाना होगी, इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक है, महिला यात्री के संबंध में दो वर्ष की छूट दी गई है तथा आयकरदाता नही है, वे अपने आवेदन उक्त स्थानों पर जमा करा सकते है।

कराहल पुलिस ने अवैध 320 लीटर शराब की जप्त

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 07 दिसंबर। एसडीओपी बडौदा प्रवीण अष्ठाना के मार्गदर्शन में दिनांक 07.12.25 को थाना प्रभारी कराहल यास्मीन खान ने हमराही पुलिस बल की मदद से मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पिकअप वाहन क्र.एमपी 07 जीए 1900 से सब्जी की किरेट से छिपाकर ले जा रही देसी प्लेन व मसाला शराब कुल 320 लीटर 400 मि.ली.कीमती 2,04,800 रुपये व वाहन पिकअप कीमती 5,00000 रुपये सब्जी की किरेट प्लास्टिक की 31 कीमती 3100 रुपये कुल कीमती 7,07,900 (सात लाख सात हजार नौ सौ) रुपये को अन्नापूर्णा माता मन्दिर मोड पर श्योपुर शिवपुरी रोड गोरस पर अवैध शराव का परिवहन करते

हुये पकडने में महत्वपूर्ण सफ्लता हासिल की है । **सराहनीय भूमिका:-** अवैध शराव का परिवहन करते हुये अवैध शराब मय पिकअप वाहन को पकडने मे थाना प्रभारी निरी.यास्मीन खाँन , सउनि बृजेश राजौरिया , हेमन्त रावत,हरिमोहन गुर्जर , ब्रजमोहन गुर्जर ,अभिषेक शर्मा ,सोनू वारेला,धर्मेन्द्र राठौर ,अशोक गोरछिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

माता लक्ष्मी एवं भगवान अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़,07 दिसम्बर। अग्रसेन समाज लहार जिला भिंड द्वारा आयोजित कुलदेवी माता लक्ष्मी जी एवं भगवान अग्रसेन जी की प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम में सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल सम्मिलित हुये कार्यक्रम में कैलाश मित्तल प्रदेश अध्यक्ष अग्रवाल समाज मुन्ना लाल गोयल पूर्व विधायक ग्वालियर राजेश ऐरन नेहा पुनीत मित्तल अध्यक्ष नगर

पालिका जालौन अमित अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष हरपालपुर, बलदेव अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका भितरवार अंजना बृजेश अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका कैलारस नीलम शाह बबीता अग्रवाल रचना गोयल आदि मंचासीन रहे इस अवसर पर बड़ी संख्या में अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे ।

विधायक छात्रावास एवं आनंद धाम भोपाल पहुंचे

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़,07 दिसम्बर। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल सेवा भारती के प्रकल्प दर्शन के लिए मातृछाया बालिका छात्रावास एवं आनंद धाम भोपाल पहुंचे यहाँ उन्होंने यहाँ के बच्चों वृद्धजनों को मोटीवेट किया तथा यहाँ की व्यवस्था को देखकर उसकी भूरि भूरि प्रशंसा की इस अवसर पर विधायक प्रदीप अग्रवाल के साथ सेवा भारती से गणेश सिंह भास्कर गुप्ता सुधांशु के अलावा प्रभात

श्रीवास्तव सुभाष आर्य, सलीम वेग आदि उपस्थित रहे ।

भोपाल में महापुरूषों के नाम पर 9 प्रवेश द्वार बनेंगे

भोपाल, 6 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजधानी के गौरवशाली अतीत को निखारने के लिए सभी समन्वित आवश्यक प्रयास पूरी प्रतिबद्धता के साथ किए जाएंगे. महान प्रतापी राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का भूमि-पूजन किया गया था. राजधानी में महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के शासन के दो हजार साल पूर्ण होने पर उनके नाम पर बनने वाले द्वार का भूमि-पूजन किया जायेगा. भोपाल में महापुरूषों के नाम पर विभिन्न मार्गों पर 9 भव्य द्वार बनेंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ये बात शनिवार को समत्व भवन में विधायक रामेश्वर शर्मा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कही. इस दौरान मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर स्मरण करते हुए कहा कि आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में चाय वाला प्रधानमंत्री और गाय वाला मुख्यमंत्री है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री

इंदौर एयरपोर्ट पर इंडिगो ने बिगाड़ी यात्रियों की योजना

नव भारत न्यूज

इंदौर, 06 दिसंबर. देशभर में इंडिगो की लगातार उड़ानें रद्द होने इसका असर इंदौर में दिखा. देवी अहिल्या एयरपोर्ट पर सुबह से यात्रियों का गुस्सा फूट पड़ा.

03 दिन तक हालात सुधरने के आसार नहीं

कई लोग घंटों लाइन में खड़े रहे, कुछ ने स्टाफ से तीखी बहस की और कई यात्रियों ने बेबस होकर कहा: अब तो मैं कंप्यूटर ही उठा कर ले जाऊंगा, कम से कम मेरे पैसे की भरपाई तो होगी. रातभर इंतज़ार करने वालों को खाने-पीने व रहने की कोई व्यवस्था नहीं मिली, जिससे नाराजगी चरम पर पहुंच गई. इंडिगो की उड़ानें लगातार रद्द होने से शनिवार को इंदौर एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल रहा. भोपाल, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद रूट की कई फ्लाइटें बिना किसी स्पष्ट सूचना के रद्द या अनिश्चित देरी में डाल दी गईं. यात्रियों को आखिरी समय पर सिर्फ एक मैसेज मिला, फ्लाइट कैंसिल्ड, ऑपरेशनल रीजन, पर री-शेड्यूलिंग या वैकल्पिक उड़ान का कोई विकल्प नहीं दिया गया.

एयरलाइन स्टाफ उपलब्ध ही नहीं

टिकट-काउंटर पर लंबी कतारें लग गईं. कई यात्रियों ने बताया कि एयरलाइन स्टाफ उपलब्ध ही नहीं था, और जो मौजूद थे वे भी कोई ठोस समाधान नहीं दे सके. एक बिजनेसमैन ने आक्रोश में कहा, हम आधी रात से यहां बैठे हैं, न पानी, न भोजन, न होटल का इंतज़ाम आखिर हम क्या करें.

एम.ए. एवं एम एस सी परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संचालित

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़,07 दिसम्बर। शासकीय महाविद्यालय इंदरगढ़ जिला दतिया में एम ए तृतीय सेमेस्टर एवं एम एस सी तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर 2025 शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संचालित हो रही है जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा उपरोक्त परीक्षा के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस से डॉ अरविंद यादव प्राध्यापक को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है उनके निर्देशन में परीक्षा

संपन्न हो रही है महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलय गोस्वामी के मार्गदर्शन में परीक्षा सुचारु रूप से संचालित हो रही है परीक्षा में स्थानीय प्रशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस विभाग का पूर्ण सहयोग मिल रहा है ।

55 लाख हड़पने वाले गिरफ्तार,भारी मुनाफा कमाने का देते थे झाँसा

नव भारत न्यूज

इंदौर. अमेरिकी डिजिटल करेंसी में भारी मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर 55 लाख रुपए ठगने वाले गिरोह के दो सदस्य को राज्य साइबर सेल ने पकड़ लिया है.

आरोपी पीड़ित से नकद रकम लेकर यूएसडीटी खरीदवाते और बाद में ऑथेंटिकेशन लिंक भेजकर उसके ट्रस्ट वॉलेट से पूरी क्रिप्टोकरंसी उड़ा देते थे. साइबर सेल प्रभारी सव्यसाची सराफ़ ने बताया कि इंदौर में प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े हितैश प्रधान को हाल ही में एक बड़ी राशि मिली थी. वह इसी रकम से टोयोटा फॉर्च्यूनर खरीदने की प्लानिंग कर रहे थे, इसी दौरान मुर्तजा शैफी और ताहिर महूवाला नाम के दो युवकों ने उन्हें अमेरिकी क्रिप्टोकरंसी यूएस डीटी में निवेश कर राशि दोगुनी करने का झांसा दिया. भरोसा दिलाने के लिए आरोपियों ने पहले उनसे नकद राशि ली और उसी नकद से पीड़ित के ट्रस्ट वॉलेट में करीब 65,000 यूएसडीटी ट्रांसफर कराए. जांच में सामने आया कि मुर्तजा नकद लेकर ताहिर के जरिए यूएसडीटी खरीदवाता था और दोनों अपने कमीशन काटकर ट्रांसफर की प्रक्रिया करवाते थे. बाद में आरोपियों ने पीड़ित को कॉइन ऑथेंटिकेटर नामक लिंक भेजकर टोकन की जांच करने के लिए कहा. जैसे ही पीड़ित ने लिंक खोला, उसके वॉलेट से पूरी क्रिप्टोकरंसी एक अन्य वॉलेट में ट्रांसफर कर दी गई.

अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने किया पदभार ग्रहण

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कराया पदभार ग्रहण

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 6 दिसंबर. भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण किया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया.

पदभार ग्रहण समारोह के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लेकर राजनीति में महिलाओं की

भागीदारी बढ़ाने का कार्य किया है. महिलाएं अब जागरूक हैं, वह अच्छी तरह से समझती हैं कि लोकतंत्र किस दिशा में जाना चाहिए. महिलाएं अब किसे वोट देना है, यह स्वयं निर्णय करती हैं. वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा और इसके बाद लोकसभा चुनाव के साथ हाल ही में बिहार में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने भाजपा की जीत को आसान बना दिया.

> महिला कार्यकर्ता मध्यप्रदेश के हर घर तक भाजपा के कार्यों को पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्य करें. फर्जी व बाहरी मतदाता चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्यों में अधिक से अधिक योगदान दें. खण्डेलवाल ने कहा कि इस समय मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कार्य चल रहा है.

आरोप कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया

किसानों की बदहाली पर ध्यान नहीं दे रही सरकार

विशेष संवाददाता

भोपाल,06 दिसंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि पिछले दो वर्षों में किसानों ने सबसे कठिन दौर झेला है, लेकिन सरकार केवल घोषणाओं और प्रचार तक सीमित रही.

उन्होंने कहा कि खेती की लागत बढ़ने, फसल के दाम गिरने और लगातार प्राकृतिक आपदाओं के कारण हजारों किसान गंभीर आर्थिक संकट में फँस गए हैं, फिर भी उन्हें वास्तविक राहत नहीं मिल पाई है.

पटवारी ने कहा कि सरकार दावा करती है कि एक लाख रुपये प्रति बीघा कमाने वाले किसान को पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि हकीकत यह है कि किसान अपनी फसल बचाने के लिए कर्ज लेने पर मजबूर हैं. उन्होंने सरकार द्वारा 50 क्विंटल प्रति बीघा उत्पादन देने वाले नए गेहूं बीज के दावे पर भी सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि न तो किसी किसान को बताया गया कि यह बीज उपलब्ध कहाँ है, न यह कि किस कृषि संस्थान ने इसे प्रमाणित किया, और न ही किस जिले में इसका परीक्षण हुआ. इसके उलट इस वर्ष सोयाबीन की हालत इतनी खराब रही कि कई किसानों को प्रति एकड़



पाँच क्विंटल से भी कम उत्पादन मिला. बड़े पैमाने पर नुकसान के बावजूद बीमा कंपनियों ने मुआवज़ा रोक दिया और सरकार केवल समीक्षा बैठके करती रही. पटवारी ने कहा कि गंभीर बिजली कटौती ने सिंचाई व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है. किसान रातभर मोटर चलने का इंतजार करते रह जाते हैं. नहरें सूखी हैं, ट्यूबवेलों में बिजली नहीं और खराब ट्रांसफार्मरों की मरम्मत समय पर नहीं होने से रबी सीजन पर भारी असर पड़ा है.

> पटवारी ने आरोप लगाया कि बारिश, ओलावृष्टि, कीट और बीमारियों से जिन किसानों की फसलें नष्ट हुईं, वे दो साल से मुआवज़े का इंतजार कर रहे हैं. विधानसभा में सरकार ने खुद स्वीकार किया कि उसके पास राहत बांटने के लिए पर्याप्त धन नहीं है, जबकि एक ही सरकारी हवाई दौरे पर 21 लाख रुपये तक खर्च किए जा रहे हैं. पटवारी ने कहा, किसान को पाँच हजार भी मुश्किल से मिलता है और सरकार हवाई यात्राओं पर लाखों खर्च कर रही है. भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसान नहीं, विलासिता है. पटवारी ने कहा कि सरकार एक वर्ष को 'औद्योगिक वर्ष' और दूसरे को 'कृषि वर्ष' घोषित करती है, लेकिन किसानों को जमीनी बदलाव कहीं दिखाई नहीं देता न बिजली, न पानी, न बीज, न बीमा और न ही उचित कीमत. उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर किसान के साथ खड़ी है और गांव-गांव जाकर भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी. जरूरत पड़ी तो विधानसभा से लेकर पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा.

एक नजर में

सास से अपने बच्चे को मांगने की बात पर गाली-गलौच, मारपीट

श्योपुर, 07 दिसंबर। थाना महिला मारपीट फरि. विट्टी उर्फकविता पत्नी दीपक वैरागी उम्र 24 साल नि. जैनी थाना मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि.03.12.25 के 13.00 से 21.30 बजे स्थान फरि का ससुराल ग्राम जैनी पर आरोपीगण दीपक पुत्र घनश्याम वैरागी , घनश्याम पुत्र शंकरलाल वैरागी , रजोबाई पत्नी घनश्याम वैरागी नि.गण जैनी ने फरिया को सास से बच्चे को मांगने की बात पर गालियां दी मारपीट की। दि. 05.12.25 के 16.46 बजे अप.क्र. 26/25 धारा 115 (2), 296ए, 3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

मोटर साइकिल की टक्कर से एक घायल

थाना देहात सड़क दुर्घटना फरि. विनोद पुत्र सियाराम वैरवा उम्र 32 साल नि. मावदा ने रिपोर्ट की कि दि. 12.11.25 के 16.00 बजे स्थान गगनदीप सरदार के घर के पास ननावद प्रेमसर रोड पर आरोपी रामवलवान मीणा नि. कोल्हूखेडा मोटर साईकिल चालक ने अपनी मो.सा. को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरि. की मो.सा. मे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया । दि. 05.12.25 के 15.56 बजे अप.क्र. 326/25 धारा 125ए, 281 बीएनएस कायम कर लिया हैं।

चंदा वसूली के पैसे मांगने की बात को लेकर मारपीट

थाना आवदा मारपीट फरि. लक्ष्मण पुत्र आयू बंजारा उम्र 42 साल नि. निवोदामठ थाना आवदा ने रिपोर्ट की कि दि. 05.12.25 के 19.00 से 19.30 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर ग्राम निवोदा मठ पर आरोपीगण देवा पुत्र फोजा बंजारा , फोजा बंजारा नि.गण पार्वती बड़ौदा विजयपुर , रामवरन उर्फपुलंदर यादव नि. मिलोडी थाना गोवर्धन जिला शिवपुरी ने फरि को चंदा वसूली के पैसे मांगने की बात को लेकर पिस्तोल लिये फरि. के साथ मारपीट की गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी । दि. 05.12.25 के 23.15 बजे अप.क्र. 107/25 धारा 115 (2),119 (1),296 (ए).351(2).3 (5) बीएनएस 25/27 आर्म्स एक्ट कायम कर लिया हैं।

कार की टक्कर से एक महिला घायल

थाना कोतवाली सड़क दुर्घटना फरि. मुन्नी बाई पत्नि रामप्रसाद बाथम उम्र 65 साल नि. कमालखेड़ली श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 06.12.25 के 11.30 बजे स्थान हसन पुरा हवेली बंजारा डेम के ऊपर पर आरोपी अज्ञात कार चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरिया को टक्कर मार दी जिससे फरि घायल हो गयी । दि. 06.12.25 के 13.03 बजे अप.क्र.298/25 धारा 281,125ए बीएनएस कायम कर लिया हैं।

खेत में भैसे चराने की मना करने की बात पर मारपीट

थाना देहात मारपीट फरि. कृष्णमुरारी पुत्र रामविलास मीणा उम्र 28 साल नि. टर्रा माफी थाना देहात श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 06.12.25 के 09.00 बजे स्थान फरि का खेत बगमाड़ा का माड़ पर आरोपीगण रामभरत गुर्जर , रामचरित गुर्जर नि. गण. बगवाड़ा थाना देहात ने फरि. को खेत में भैसे चराने की मना करने की बात को लेकर मां बहन की गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दि. 06.12.25 के 10.43 बजे अप. क्र. 327/25 धारा 115 (2),296 (ए),351(2),3(5) बीएनएस कयम कर लिया हैं।

मुँहवाद करने पर तीन ने एक को पीटा, मामला कायम

थाना बरगवां मारपीट फरि. राहुल पुत्र रमेश कुशवाह उम्र 19 साल नि. ग्राम लहरोनी थाना बरगवां ने रिपोर्ट की कि दि. 05.12.25 के 22.00 से 22.30 बजे स्थान राम स्वरूप कुशवाह के घर के बाहर लहरौनी पर आरोपीगण कुलदीप पुत्र मलखान कुशवाह , मनोज पुत्र हरदयाल कुशवाह नि. गण. लहरोनी , बीरू , मनोज पुत्र गण हरविलास कुशवाह नि. गण. चिन्ताहरण कराहल ने फरि. के उसके चाचा मुहवाद कर रहे तभी मौके पर आरोपीगणों ने गंदी गंदी गालियां दी व मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दि. 06.12.25 के 02.24 बजे अप. क्र. 64/25 धारा 296ए,115 (2),351(3),3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली-गलौच, मारपीट

थाना मानपुर रास्ता रोककर गाली गलौच करना - फरि. जीतेन्द्र पुत्र लखमीचन्द्र मीणा उम्र 26 साल नि. ग्राम दातरदा थाना मानपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 06.12.25 के 12.00 बजे स्थान आरोपी के घर के सामने दातरदा पर आरोपी हनुमान पुत्र बद्री लाल मीणा नि. दातरदा थाना मानपुर ने फरि को पुरानी रंजिश को लेकर रास्ता रोककर मां बहन की गंदी - गंदी गालियां दी व कुल्हाड़ी लेकर मारने को दौड़ा । दि. 06.12.25 के 15.24 बजे अप. क्र. 245/25 धारा 126 (2),296 (ए),131 बीएनएस कायम कर लिया हैं।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज

श्योपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि जिला जल एवं स्वच्छता मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया जायेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों की हस्तांतरित नलजल योजनाओं, वॉस ऑन व्हील नवाचार के प्रचार-प्रसार व सफल क्रियान्वयन की समीक्षा की जायेगी, इसके साथ ही तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में कर वसूली से स्वच्छता निर्माण गतिविधियों की समीक्षा होगी। इसके साथ ही अन्य बिन्दु भी एजेंडे में शामिल किये गये है।

ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाला तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

इंदौर। आरोपी से 8.13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब एक लाख बताई जा रही है. जोन-3 डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी संयोगितागंज के मार्गदर्शन में थाना पलासिया प्रभारी सुरेंद्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व की गई इस कार्रवाई में अवैध ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए आदित्य बोरासी के सप्लायर की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई थी. पुलिस को बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली. सघन चेकिंग के दौरान एक युवक पुलिस को देख घबरा गया. रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम शुभम बोरासी उम्र 28 साल निवासी 371, बड़ी ग्वालटोली, इंदौर बताया.